भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 928#
गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/5 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नए पर्यटन स्थलों का विकास

928# श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने की योजना बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत अभी तक कितने नए पर्यटन स्थलों का चयन किया गया है, तत्संबंधी स्थान वार एवं राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के किसी स्थान का चयन इस योजना के अंतर्गत किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या चयनित किए गए नए पर्यटन स्थलों को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना बनाई गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन के विकास की जिम्मेदारी मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन योजना' (एसडीएस) के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना को पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' के रूप में परिवर्तित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करना है। पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित देश में विकास के लिए 55 गंतव्यों को चिह्नित किया है, जिनका ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 योजना के अंतर्गत अभिज्ञात विभिन्न गंतव्यों के लिए 'परियोजना विकास एवं प्रबंधन परामर्शदाता (पीडीएमसी)' की नियुक्ति की है। पीडीएमसी द्वारा गंतव्य मास्टर प्लान तैयार करने के लिए मॉडल टेम्पलेट में हवाई संपर्क सहित गंतव्य संपर्कता के विभिन्न पहलुओं के साथ गंतव्यों का मूल्यांकन शामिल है।

*****

अनुबंध

नए पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 27.07.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 928# के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत चिन्हित गंतव्यों की सूची

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	चिह्नित गंतव्य
1.	आंध्र प्रदेश	गंडिकोटा, अरक्कू-लंबासिंगी
2.	अरुणाचल प्रदेश	बोमजिर, मेचुका
3.	असम	जोरहाट, कोकराझार
4.	बिहार	गया, नालंदा
5.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर, जगदलपुर
6.	गोवा	पोरवोरिम, कोलवा
7.	गुजरात	धोलावीरा, द्वारका
8.	हरियाणा	पंचकूला (मोरनी)
9.	हिमाचल प्रदेश	पोंग बांध
10.	जम्मू और कश्मीर	बशोली
11.	झारखंड	चांडिल
12.	कर्नाटक	हम्पी, मैसूरु
13.	केरल	कुमारकोम, कोझीकोड (बेपोर)
14.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर, चित्रकूट
15.	महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग
16.	मणिपुर	मोइरांग (बिष्णुपुर)
17.	मेघालय	शिलांग, सोहरा
18.	मिजोरम	आइजोल, चंफाई
19.	नागालैंड	नियूलैंड, चुमुकेदिमा
20.	ओडिशा	कोरापुट
21.	पंजाब	अमृतसर, कपूरथला
22.	राजस्थान	बूंदी (केशोरायपाटन), जोधपुर
23.	सिक्किम	गंगटोक, ग्यालशिंग
24.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम, नीलगिरी
25.	तेलंगाना	भोंगीर, अनंतगिरि
26.	त्रिपुरा	अगरतला, उनाकोटी
27.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज, नैमिषारण्य

28.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़, चंपावत
29.	चंडीगढ़	चंडीगढ़
30.	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप
31.	पुद्दुचेरी	पुद्दुचेरी, करियाकल
32.	लद्दाख	लेह, कारगिल
	कुल	55

*****